**Regarding all round development in Bharatpur Parliamentary Constituency**

श्रीमती संजना जाटव **(**भरतपुर**) :** अध्यक्ष महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र भरतपुर राजस्थान का प्रमुख शहर है और सन 2013 से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एनसीआर का हिस्सा है ।?(व्यवधान)

श्री हरीश चंद्र मीना **(**टोंक**-**सवाई माधोपुर**) :** सर, फोटो नहीं आ रही है ।

श्रीमती संजना जाटव **:** माननीय अध्यक्ष महोदय करीबन 10 साल बीत जाने के बाद भी मेरा क्षेत्र आज तक मूलभूत सुविधाओं के मामले में बहुत पिछड़ा हुआ है । मेरे क्षेत्र के करीब 70,000 डीजल वाहनों और ईंट-भट्टों जैसे लघु उद्योगों को एनसीआर के नाम पर खत्म किया गया है, जिसके कारण लाखों लोग मजदूर हो गए हैं ।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में बेहतर सड़कें, परिवहन, यातायात, बड़े प्रसिद्ध शिक्षा संस्थान, बिजली आपूर्ति, जलापूर्ति, स्वास्थ्य, कचरा प्रबंधन, जल निकासी, युवाओं को रोजगार के लिए प्रोजेक्ट्स बनाकर मेरे क्षेत्र को लाभांवित करें अन्यथा भरतपुर को एनसीआर से हटा दिया जाए ।? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** मैं आपकी जगह हरीश मीना जी को बोलने के लिए मौका दूंगा ।

? (व्यवधान)